# 2026

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

**खण्ड - 'क'**

**(वाचन - 10 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1, 2 और 3 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4, 5 और 6 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न संख्या 7 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

'सदाचार' शब्द 'सत् + आचार' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है अच्छा व्यवहार। सदाचार व्यक्ति को चरित्रवान बनाता है। मनुष्य के जीवन में सदाचार का बहुत महत्व है। सदाचार के अंतर्गत जिन गुणों की अपेक्षा की जाती है, वे हैं — सत्य बोलना, अहिंसा के मार्ग पर चलना, दूसरों की सहायता करना, नि:स्वार्थ भावना को अपनाना, सादा जीवन बिताना, उच्च विचार रखना, बड़ों का आदर-सम्मान करना आदि। सदाचारी बनने के लिए मनुष्य को सुशिक्षा, सत्संगति और स्वानुशासन की बहुत आवश्यकता होती है। अशिक्षित व्यक्ति भी सत्संगति और अनुभवों के आधार पर सदाचारी बन सकता है, परन्तु बुद्धि का विकास शिक्षा के बिना अधूरा रह जाता है। शिक्षा और सत्संगति का संयोग व्यक्ति को सदाचारी बनाता है।

1. 'सदाचार' शब्द किस प्रकार बना है? इसका अर्थ क्या है? 1+1=2

2. सदाचार के अंतर्गत किन-किन गुणों की अपेक्षा की जाती है? 2

3. अशिक्षित व्यक्ति किस प्रकार सदाचारी बन सकता है? 2

4. 'सहायता' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

5. 'सत्संगति' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

6. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'मनुष्य' शब्द का पर्यायवाची नहीं है? 1

   (क) इन्सान  (ख) आदमी

   (ग) दानव  (घ) मानव

## खण्ड - 'ख'

## (लेखन - 15 अंक)

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 160 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

   (क) समाचार-पत्र

   (ख) टेलीविजन

9. (क) मान लीजिए कि आप इम्फाल के दैनिक समाचार-पत्र 'जनता एक्सप्रेस' के रिपोर्टर है। मणिपुर में दिनों दिन बढ़ती जा रही महँगाई के विषय में आप अपने सम्पादक के नाम एक पत्र लगभग 150 शब्दों में लिखिए। 7

अथवा

(ख) मान लीजिए कि आप आगरा के दैनिक समाचार-पत्र 'अमर उजाला' के रिपोर्टर हैं। आगरा के शहरी इलाकों में बढ़ते जा रहे ध्वनि-प्रदूषण की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए आप अपने सम्पादक के नाम एक पत्र लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

Contd.

## खण्ड - 'ग'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13, 14 और 15 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 16 से 20 तक के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

10. वाक्य किसे कहते है? वाक्य के प्रकारों को सोदाहरण लिखिए। 1+2=3

11. आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार के होते है? प्रत्येक प्रकार का एक-एक उदाहरण लिखिए। 1+1=2

12. उपसर्ग और प्रत्यय के बीच के अन्तर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

13. क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा का एक शब्द लिखिए। 1

14. 'परि' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए। 1

15. 'पन' प्रत्यय से बना एक शब्द लिखिए। 1

16. निम्नलिखित में से 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ कौन-सा है? 1

    (क) अक्ल आ जाना
    (ख) बहुत अधिक क्रुद्ध होना
    (ग) घमण्ड करना
    (घ) बहुत बड़ी बातें कह डालना

17. निम्नलिखित में से 'किसी पर आए क्रोध को भीतर ही दबा देना' अर्थ के लिए कौन-सा मुहावरा सही है? 1

    (क) आँखें लाल करना
    (ख) मक्खियाँ मारना
    (ग) जहर का घूँट पीना
    (घ) अंगूठा दिखाना

18. निम्नलिखित में से 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' लोकोक्ति का अर्थ कौन-सा है? 1

    (क) मुसीबत पर मुसीबत पड़ना।
    (ख) छोटे आदमी दिखावा बहुत करते है।
    (ग) परिश्रम बहुत करना, पर लाभ नाम मात्र का होना।
    (घ) कोरी दिखावट के लिए बड़प्पन का ढोंग बनाए रखना।

19. निम्नलिखित में से 'कर सेवा खा मेवा' लोकोक्ति का अर्थ कौन-सा है? 1

(क) ऊपर से भले बनना, अन्दर से कपट रखना।

(ख) घर की चीज की कदर नहीं होती।

(ग) बुरे स्वभाव के लोग जल्दी दोस्त हो जाते हैं।

(घ) बड़ों की सेवा करने से सुख मिलता ही है।

20. निम्नलिखित में से 'मिलकर काम करने से बड़ी शक्ति आ जाती है' अर्थ के लिए कौन-सी लोकोक्ति सही है? 1

(क) एक हाथ से ताली नहीं बजती। (ख) एक और एक ग्यारह होते हैं।

(ग) अन्धा क्या चाहे दो आँखें? (घ) लोमड़ी को अंगूर खट्टे।

**खण्ड – 'घ'**

**(पद्य – 8+12 = 20 अंक)**

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+4=6

(क) मुझे फूल मत मारो,
मैं अबला बाला वियोगिनी, कुछ तो दया विचारो।
होकर मधु के मीत, मदन पटु, तुम कटु गरल न गारो,
मुझे विकलता, तुम्हें विफलता, ठहरो श्रम परिहारो।

अथवा

(ख) देखते देखा, मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर, छिन्न-तार;
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से,
जो मार खा रोई नहीं।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 24 और 25 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 27 और 28 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

22. गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागौं पाँय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।।

— कबीरदास की उपर्युक्त साखी का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 4

23. 'ताज' कविता में चित्रित बदलते समाज का चित्रण कीजिए। 3

24. यश की खोज में कवि क्या-क्या करता है? 2

25. बलराम भैया कृष्ण को क्या-क्या कहकर खिझाता है? 2

26. कबीरदास के अनुसार गुरु और शिष्य का स्वरूप क्या है? 1

27. सुरदास कौन-सी भाषा के कवि थे? 1

(क) अवधी भाषा के (ख) ब्रजभाषा के

(ग) भोजपुरी भाषा के (घ) बुन्देली भाषा के

28. 'घर' कविता के रचयिता का नाम क्या है? 1

(क) हिजम अडाङ्हल सिंह (ख) सुमित्रानंदन पन्त

(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (घ) वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य

## खण्ड - 'ङ'
## (गद्य - 25 अंक)

29. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+4=6

(क) औरत की बेइज्जती औरत की बेइज्जती है, वह हिन्दू या मुसलमान की नहीं, वह इन्सान की माँ की बेइज्जती है।

अथवा

(ख) हिन्दी की आँखें इस चकाचौंध में कभी परची नहीं। वह विद्रोह में जन्मी, उपेक्षा में पली और अवज्ञा के प्रतिकार के लिए खड़ी हुई, उसकी शक्तिगमन की दामिनी से नही; नीचेवाली स्रोतस्विनी से आई, वह इन गाजों से घबराकर भागी।

30. (क) 'बदला' कहानी अथवा (ख) 'साहित्य की महत्ता' लेख का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 7

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 31 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 32 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 35 और 36 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

31. 'मेरा बचपन' लेख के आधार पर जीरादेई और रामपुर गाँवों के बारे में संक्षेप में लिखिए। 4

32. नशीली दवाओं के दुरूपयोग के बुरे परिणाम क्या-क्या हैं? 3

33. देश और जाति को बचाने के लिए क्या करना चाहिए? 2

34. संजीवनी औषधि क्या है? 1

35. गाण्डीव किसका धनुष है? 1

(क) युधिष्ठिर का (ख) भीम का

(ग) अर्जुन का (घ) दुर्योधन का

36. 'किशोरावस्था शिक्षा' पाठ के लेखक का नाम क्या है? 1

(क) महावीर प्रसाद (ख) इबोहल सिंह काङ्जम

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) विद्यानिवास मिश्र

## खण्ड - 'च'

## (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 38 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 39 और 40 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 41 और 42 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 43 और 44 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

37. मणिपुर में खेल की प्रगति को बढ़ाने के लिए क्लब और संस्थान क्या-क्या करते हैं? 4

38. 'राष्ट्रीय एकता' पाठ में व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए। 3

39. लमही गाँव में सब से पढ़ा-लिखा वर्ग कौन-सा है और वे क्या-क्या व्यवसाय करते हैं? 1+1=2

40. युबी लाकपी खेल कैसे खेला जाता है? 2

41. मणिपुर के प्रमुख प्राचीन खेल क्या-क्या हैं? 1

42. प्रेमचन्द की माता का नाम क्या है? 1

43. प्रेमचन्द कब पैदा हुए थे? 1

(क) 20 जुलाई, 1880 को

(ख) 28 जुलाई, 1880 को

(ग) 31 जुलाई, 1880 को

(घ) 11 अगस्त, 1880 को

44. मणिपुर के कौन-से खेल को 'मणिपुरी हॉकी' कहा जाता है? 1

(क) मुक्ना को

(ख) युबी लाकपी को

(ग) शगोल काङ्जै को

(घ) खोङ् काङ्जै को